an>

Title: *Regarding more budgetary allocation for modernisation of equipment and services in Jawahar Lal Nehru Hospital in Ajmer.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर में स्थित अजमेर संभाग का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय है । जो पिछले 57 वर्षों से अजमेर संभाग के साथ-साथ संपूर्ण राजस्थान के बीमार मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर रहा है ।

उक्त चिकित्सा संस्थान सन 1965 में स्थापित जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, अजमेर के अधीन संचालित है, जहां पर प्रतिवर्ष 250 यूजी एवं 197 मेडिकल छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई एवं प्रशिक्षण पूर्ण कर देश-विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं । उक्त चिकित्सा संस्थान में गत वर्ष 2021-22 में 9 लाख 70 हजार 290 ओपीडी एवं 59 हजार 727 आईपीडी में रोगियों ने भर्ती होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है । लेकिन वर्तमान में उक्त चिकित्सा संस्थान को और अधिक उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता की महती आवश्यकता है ।

जिसमें सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक हेतु लगभग 200 करोड़ रुपये रेस्पीरेटरी मेडिसीन एवं सिलोकोसिस ब्लॉक हेतु लगभग 100 करोड़ रुपये एवं 05 टेस्ला एमआरआई मशीन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 15 करोड़ रुपये बजट की महती आवश्यकता है अथवा राज्य सरकार को आबंटित चिकित्सा बजट के अंतर्गत उक्त चारों चिकित्सा सुविधाओं की स्वीकृति के लिए सक्षम विभागीय कार्यवाही कराएं । उक्त चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता होने पर अजमेर संभाग एवं परिक्षेत्र के उक्त गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को जयपुर, दिल्ली एवं अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा । बहुत-बहुत धन्यवाद ।